# तेरी नैया ना डूब पाएगी श्याम भजन लिरिक्स

इसके होते ना लाज जाएगी,
तेरी नैया ना डूब पाएगी,
बनके माझी तुझे बचाएगा,
सांवरा दौड़ा दौड़ा आएगा।bd।

---

लोग सारे यही ये कहते है,
आंसू जिनके यहाँ पे गिरते है,
वादा माँ का निभाता आया है,
हारे को ये जिताता आया है,
इससे पहले तू ठोकरे खाए,
तुझको मंजिल नजर नहीं आए,
चलते चलते सम्भल ना पाएगा,
सांवरा दौड़ा दौड़ा आएगा।bd।

---

प्रेम बस भाव से किए जा तू,
नाम बस श्याम का लिए जा तू,
जिसको भी श्याम पे भरोसा है,
किरपा करता वहां हमेशा है,
इससे पहले की तूफां आएगा,
बनके लहरे तुझे डराएगा,
करके कोशिश तू हार जाएगा,
सांवरा दौड़ा दौड़ा आएगा।bd।

---

सारे जग में ये बोलबाला है,
देव सबसे बड़ा निराला है,
शीश का दान जो दे सकता है,
बोलो क्या कर नहीं वो सकता है,
‘श्याम’ कहे बात ये बताता हूँ,
सांवरे के भजन मैं गाता हूँ,
प्रेम जो श्याम पे लुटाएगा,
सांवरा दौड़ा दौड़ा आएगा।bd।

---

इसके होते ना लाज जाएगी,
तेरी नैया ना डूब पाएगी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बनके माझी तुझे बचाएगा,
सांवरा दौड़ा दौड़ा आएगा।bd।

स्वर – रवि बेरीवाल जी।
लिरिक्स – श्याम अग्रवाल जी।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com